अर्धवार्षिक परीक्षा **2021-22**

कक्षा **– 12**वी

विषय **–** इतिहास

प्रश्न **1.** निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए-

**(1)** चन्द्रगुप्त मौर्य के राजदरबार में आने वाले यूनानी राजदूत का नाम था**?**

(अ) सेल्यूकस,

(ब) यूडेमस,

(स) मेगस्थनीज,

(द) इनमें से कोई नहीं।

**(2)** ‘शतसाहस्री संहिता’ के नाम से किस ग्रन्थ को जाना जाता है **?**

(अ) महाभारत,

(ब) रामायण,

(स) रामचरितमानस,

(द) मनुस्मृति।

**(3)** साँची का स्तूप किसके द्वारा बनवाया गया था **?**

(अ) मौर्य सम्राट अशोक द्वारा,

(ब) कुषाण शासक कनिष्क द्वारा,

(स) शुंग शासक पुष्यमित्र शुंग द्वारा,

(द) इनमें से कोई नहीं।

(4) दक्षिण भारत का कौन-सा ग्रन्थ 'तमिल वेद' के नाम से प्रसिद्ध है ?

(अ) नलयिरादिव्य प्रबन्धम्,

(ब) मत्तविलास प्रहसन,

(स) रामावतारम्,

(द) कलिंगत्तुप्पाणि।

(5) भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना कब हुई थी?

(अ) 1526 ई.,

(ब) 1527 ई.,

(स) 1528 ई.,

(द) 1529 ई.।

(6) बंगाल में स्थायी बन्दोबस्त (इस्तमरारी बन्दोबस्त) किसने लागू किया था ?

(अ) वारेन हेस्टिंग्स,

(ब) लॉर्ड कार्नवालिस,

(स) थॉमस मुनरो,

(द) मार्टिन वर्ड।

उत्तर-(1) (स), (2) (अ), (3) (अ),(4) (अ), (5) (अ), (6) (ब)।

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(1) भू-राजस्व की ‘दहसाला बन्दोबस्त’ प्रणाली मुगल सम्राट ……..” द्वारा लागू की गई थी।

(2) फ्रांसिस बुकानन एक था।

(3) इंग्लैण्ड के शासक ने वर्ष ……. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी को बम्बई पट्टे पर दिया था।

(4) प्रिंस ऑफ वेल्स का भारत आगमन ……..” (वर्ष) में हुआ था।

(5) विभाजन के समय भारत के वायसराय…….थे।

(6) भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर के शासक थे।

(7) देशी रियासतों को भारतीय संघ में विलय कराने का महत्वपूर्ण कार्य ने किया था।

उत्तर-(1) अकबर, (2) चिकित्सक, (3) 1668 ई., (4) 1921 ई., (5) लॉर्ड माउन्टबेटन, (6) महाराजा हरिसिंह, (7) सरदार वल्लभभाई पटेल।

प्रश्न 3. सही जोड़ियाँ बनाइए-

(1) पाण्डवों के ज्येष्ठ भ्राता (i) बम्बई

(2) जैन धर्म (ii) गीता का ज्ञान

(3) बौद्ध धर्म (iii) पंच महाव्रत

(4) चार आर्यसत्य (iv) श्रीकृष्ण

(5) अंग्रेजों की पहली व्यापारिक कोठी (v) युधिष्ठिर

(6) ताजमहल होटल (vi) सूरत

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा वाक्य में लिखिए-

(1) अभिलेखों और अन्य दस्तावेजों की लिपियों के अध्ययन को क्या कहा जाता है ?

(2) चन्द्रगुप्त मौर्य के प्रधानमन्त्री का नाम क्या था ?

(3) सूफी संत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह कहाँ स्थित है ?

(4) कबीर के गुरु कौन थे ?

(5) गाँधीजी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?

(6) गाँधीजी ने किस घटना के कारण असहयोग आन्दोलन स्थगित कर दिया था ?

(7) भारत में किस अधिनियम द्वारा साम्प्रदायिक चुनाव प्रणाली आरम्भ की गई ?

उत्तर-(1) पुरालिपिशास्त्र (पेलिओग्राफी), (2) चाणक्य, (3) दिल्ली, (4) सन्त रामानन्द, (5) गोपाल कृष्ण गोखले, (6) चौरी-चौरा को हिंसात्मक घटना, (7) 1909 ई. का अधिनियम।

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य लिखिए

(1) सबसे प्राचीन अभिलेख मौर्य सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य के प्राप्त हुए हैं।

(2) ब्राह्मी लिपि बाएँ से दारू ओर लिखी जाती थी।

(3) प्रारम्भिक भक्ति आन्दोलन का उदय कर्नाटक में हुआ था।

(4) पहाड़िया लोगों की खेती मुख्यतः हल पर आश्रित थी।

(5) ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भारत में अपना पहला कारखाना सूरत में स्थापित किया

(6) महात्मा गाँधी ने साबरमती आश्रम की स्थापना दिल्ली में की थी।

उत्तर-(1) असत्य, (2) सत्य, (3) असत्य, (4) असत्य, (5) असत्य, (6) असत्य।

प्रश्न 6. चाणक्य कौन थे ? संक्षेप में लिखिए।

अथवा

छठी शताब्दी ई. पू. के चार महत्त्वपूर्ण महाजनपदों के नाम लिखिए।

प्रश्न **7.** महाकाव्यों की रचना मुख्यतः किस भाषा में की गई है **?** इनकी रचना का श्रेय किन्हें दिया जाता है **?**

अथवा

'महाभारत' का क्या ऐतिहासिक महत्त्व है **?**

प्रश्न **8.** जैन धर्म के कोई दो सिद्धान्त समझाइए।

अथवा

जैन धर्म के दो प्रमुख सम्प्रदायों **(**शाखाओं**)** के नाम लिखिए।

प्रश्न **9.** महात्मा बुद्ध की कोई दो शिक्षाओं के बारे में लिखिए।

अथवा

'धर्मचक्र प्रवर्तन' से आप क्या समझते हैं **?** संक्षेप में लिखिए।

प्रश्न **10.** उलमा कौन थे **?** संक्षेप में बताएँ।

अथवा

'जजिया' क्या था **?** संक्षेप में बताएँ।

प्रश्न **11.** लॉर्ड कार्नवालिस ने बंगाल में भू**-**राजस्व की किस पद्धति को प्रचलित किया था**?**

अथवा

पहाड़िया कौन थे**?**

प्रश्न **12.** फोर्ट सेंट जॉर्ज के बाहर अंग्रेजों द्वारा विकसित नए ब्लैक टाउन की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

आरम्भिक हिल स्टेशनों की स्थापना के क्या उद्देश्य थे ?

प्रश्न **13.** भारत में महात्मा गाँधी की प्रथम महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक उपस्थिति कब और कहाँ हुई थी**?**

अथवा

भारतीयों ने साइमन कमीशन का विरोध क्यों किया **?** एक प्रमुख कारण लिखिए।

प्रश्न **14.** जवाहर लाल नेहरू के 'उद्देश्य प्रस्ताव' को एक ऐतिहासिक प्रस्ताव क्यों कहा जाता है**?**

अथवा

संविधान क्या है **?** भारतीय संविधान कब बनकर तैयार हुआ और यह कब लागू हुआ**?**

प्रश्न **15.** संविधान निर्माण के दौरान संविधान सभा के कुल कितने सत्र आयोजित हुए और कितने दिन बैठकें आयोजित हुई **?**

अथवा

भारतीय संविधान किस अवधि में सूत्रबद्ध किया गया **?**

प्रश्न **16.** इतिहास के पुनर्निर्माण में सिक्कों अथवा मुद्राओं के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

चन्द्रगुप्त मौर्य ने किस प्रकार मौर्य साम्राज्य स्थापित किया **?** संक्षेप में लिखिए।

प्रश्न **17.** जैन धर्म के प्रसार का संक्षिप्त विवरण लिखिए।

अथवा

बौद्ध धर्म के प्रसार का संक्षिप्त विवरण लिखिए।

प्रश्न **18.** 'आइन-ए-अकबरी' की रचना के दो मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख

अथवा

मुगल काल में ग्राम पंचायत के मुखिया का चुनाव और उसके कार्यों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न **19.** कुछ लोगों को ऐसा क्यों लगता था कि बँटवारा बहुत अचानक हुआ**?**

अथवा

मुस्लिम लीग द्वारा ‘मुक्ति दिवस’ कब मनाया गया **?** इसने भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को किस प्रकार प्रभावित किया **?**

प्रश्न **20.** चर्चा कीजिए कि अलवार**,** नयनार और वीर शैवों ने किस प्रकार जाति**-**प्रथा की आलोचना प्रस्तुत की**?**

अथवा

सूफी मत के विकास पर एक टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न **21.** औपनिवेशिक सन्दर्भ में शहरीकरण के रुझानों को समझने के लिए जनगणना सम्बन्धी आँकड़े किस हद तक उपयोगी होते हैं **?**

अथवा

**1853** ई**.** में रेलवे की शुरुआत ने शहरों की किस प्रकार काया**-**पलट कर दी **?** दो उदाहरण दीजिए।

प्रश्न **22.** महात्मा गाँधी ने चरखे को राष्ट्रवाद का प्रतीक क्यों चुना**?**